# नगर के 33 आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहीन किराये के मकान में चल रही पढ़ाई

**विभाग ने निगम को 72 भवन बनाने दिए 3 करोड़ लेकिन अब तक नहीं बना**

जगदलपुर16 जून (दण्डकारण्य समाचार) आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों को हर तरह की सुविधा मिले इसके लिए महिला बाल विकास विभाग जगदलपुर ब्लॉक की शहरी परियोजना में 72 भवनों के निर्माण की जिम्मेदारी नगर निगम को दी गई है। यह काम बिना गतिरोध के पूरा हो इसके लिए निगम ने वर्ष 2118.19 से अब तक अलग.अलग समयों को मिलकर महिला बाल विकास विभाग से 3 करोड़ से अधिक रुपए ले लिए है। लेकिन अब तक भवनों का निर्माण पूरा नहीं कर पा रहा है। इसके लिए लिए कभी जगह की कमी तो कभी अन्य कारण बता निगम के अधिकारी अपनी जवाबदेही से पल्ला झाड़ रहे हैं। सालों से हो रही इस लेटलतीफी के चलते हर दिन शहर के अलग.अलग इलाकों में संचालित होने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों में करीब 600 से अधिक बच्चे अपनी जान जोखिम में डाल पहुंच रहे हैं। एक कमरे में संचालित होने वाले केंद्रों में बच्चों को किसी प्रकार की सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। वे हादसे के बीच यहां पर पांच से 6 घंटे गुजार रहे हैं। भवनों के निर्माण को लेकर जब विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि निगम ने जल्द ही भवनों को बनाने की बात कही। हम उसका इंतजार कर रहे हैं।



### जिन भवनों का निर्माणए उसमें भी सुविधाएं नहीं

नगर निगम के द्वारा इस समय शहर के अलग.अलग इलाकों में करीब 39 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भवन बनाए गए हैं। लेकिन यह निर्माण भी सही मायने में ठीक ढंग से नहीं किया गया है। अधिकतर केंद्रों में जहां अब तक पेयजल की सुविधा सही ढंग से नहीं हो पाई है तो कुछ केंद्रों में बिजली और अन्य खामियों के चलते बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारी जहां.जहां पर भवन बन गए हैं वहां पर जल्द ही पेयजल और बिजली के साथ ही अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कह रहे हैं।

### करीब 70 हजार रुपए हर महीने किराया

निगम के द्वारा आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण नहीं किए जाने से इस समय शहरी परियोजना में विभाग के द्वारा 30 आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन किराए के भवन में संचालित किया जा रहा है। बिना किसी मापदंड के किराए में संचालित इन भवनों को लेकर विभाग हर महीने किराए के रूप में करीब 70 हजार रुपए किराए में दे रहा है। नाम नहीं छापने की शर्त पर कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने कहा कि कई मकान मालिक आए दिन किराए की राशि में बढ़ोत्तरी की बात कह रहे हैं। जिसके चलते आशंकाजता रहे हैं।

# अनसर काल में भक्तों के स्वास्थ्य के लिए स्वयं अस्वस्थ रहते हैं भगवान श्री जगन्नाथ

**✷ अनसर काल में 25 जून तक दर्शन वर्जित**



जगदलपुर 16 जून (दण्डकारण्य समाचार) । रियासत कालीन बस्तर गोंचा पर्व 2025 देव स्नान चंदन जात्रा पूजा विधान 11 जून बुधवार ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि से प्राराम्भ हो चुका है, शताब्दियों से 617 वर्षों चली आ रही रियासत कालीन परंपरानुसार 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के ब्राह्मणों के द्वारा बस्तर गोंचा पर्व के विविध पूजा विधान संपन्न करवाये जायेंगे। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार चंदन जात्रा पूजा विधान के पश्चात भगवान श्रीजगन्नाथ का 15 दिवसीय अनसर काल की अवधि में भगवान श्रीजगन्नाथ अस्वस्थ होते हैं तथा भगवान के अस्वथता के हालात में दर्शन वर्जित होते हैं । भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी माता सुभद्रा और बलभद्र स्वामी का श्रीमंदिर में इन दिनों अनसर काल आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या 25 जून तक जारी रहेगा। इस दौरान भगवान श्रीजगन्नाथ के स्वास्थ्य लाभ के लिए औषधियुक्त भोग का अर्पण 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के सेवादारों एवं पंडितों के द्वारा किया जा रहा है । औषधियुक्त भोग के अर्पण के पश्चात इसे श्रृद्धलुओं में प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है । विशेष औषधियुक्त प्रसाद का पूण्य लाभ श्रृद्धालु अनसर काल के दौरान श्रीजगन्नाथ मंदिर में पहुचकर प्राप्त कर सकते हैं लेकिन दर्शन वर्जित होगा।

भगवान जगन्नाथ के अनसर काल की व्याख्या करते हुए 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं भगवान श्रीजगन्नाथ के रियासत कालीन पूजा विधान के जानकार विवेक पांड़े ने बताया कि बस्तर गोंचा पर्व में इन दिनों भगवान श्रीजगन्नाथ का अनसर काल की अवधि 25 जून तक जारी रहेगा । भगवान श्रीजगन्नाथ के 15 दिवसीय अणसर काल मे भगवान श्रीजगन्नाथ भक्तो के स्वास्थ्य के लिए स्वयं अस्वस्थ होते है अस्वस्थ होने पर भगवान श्रीजगन्नाथ अस्त.व्यस्त अवस्था मे रहते हैं ऐसी अवस्था मे जगत के पालनकर्ता भगवान श्रीजगन्नाथ के दर्शन को शास्त्रो व पौराणिक मान्यताओं के अनुसार दोषपूर्ण माना गया है । इसीलिए भगवान जगन्नाथ के दर्शन 15 दिनों तक अनसर काल के दौरान वर्जित होता है। उन्होने बताया कि भगवान श्रीजगन्नाथ अपने श्रद्धालुओं के वर्ष भर स्वास्थय के आशीष हेतु स्वयं अस्वस्थ होकर सभी के स्वास्थ्य के लिए औषधियुक्त भोग के अर्पण को स्वीकार कर औषधियुक्त प्रसाद उपलब्ध करवाते हैं ।

# श्री गंगा कैलाशनाथ शिवालय में रोपे गये धार्मिक महत्व के पौधे



जगदलपुर, 16 जून (दण्डकारण्य समाचार)। शहर के गंगामुंडा में निर्माणाधीन श्री गंगा कैलाशनाथ चतुर्मुख शिवालय परिसर में शनिवार को समाज के सभी सदस्यों के साथ जनप्रतिनिधियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि जगदलपुर शहर में आंध्र समाज के द्वारा बालाजी मंदिर के बाद अब दूसरा भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इस शिवालय में देवों के देव भगवान महादेव के साथ अन्य ईष्ट देवी देवताओं की प्रतिमायें स्थापित किये जायेंगे। उन्होंने कहा इस मंदिर के निर्माण से बस्तर में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। छत्तीसगढ़ और दूसरे राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को एतिहासिक गंगामुंडा तालाब के किनारे द्रविण वास्तुशैली से बन रहे इस भव्य मंदिर में आंध्र प्रदेश के मंदिरों के तर्ज पर सुंदर कलाकृति देखने को मिलेगी, जो श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। वहीं बस्तर जिला आंध्र समाज के अध्यक्ष जयंत नायडु ने कहा कि यह शिवालय पिछले एक वर्ष से निर्माणाधीन है। आने वाले साल 2026 में सावन के महीने में इस भव्य शिवालय के प्राण प्रतिष्ठा की योजना है। आंध्र समाज के साथ-साथ शहर के गणमान्य लोगों की ओर से मंदिर निर्माण में सहयोग मिल रहा है।

# स्कूल बसों की जांच कराने नहीं पहुंचे 40 प्रतिशत बस




**✷ आरटीओ, पुलिस और एसडीआरएफ ने मिलकर की स्कूल बसों की जांच**

**✷ सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार स्कूल बसों की जांच**

जगदलपुर, 16 जून (दण्डकारण्य समाचार)। नए शिक्षा सत्र 16 जून से शुरू होने जा रही है, इसके पूर्व आरटीओ, पुलिस और एसडीआरएफ ने मिलकर आरटीओ ऑफिस ग्राउंड में स्कूली बसों की जांच की। इस दौरान जिले के सभी स्कूल के बसों को बुलाया गया था। जांच के लिए आरटीओ, पुलिस विभाग के डीएसपी, यातायात प्रभारी और एसडीआरएफ कर्मचारियो के साथ चेकिंग की गई। अनुभवी डॉक्टरों की टीम के द्वारा बसों के चालक और परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। चेकिंग कराने के लिए जिले के मात्र 40 प्रतिशत स्कूली बस पहुंचे थे।

नगर के समीपस्त ग्राम आडावाल में शनिवार को स्कूल बसों का फिटनेस व अन्य जांच के लिए बुलाया गया था। आरटीओ ने बताया कि जांच के दौरान सबसे पहले वाहनों का रजिस्ट्रेशन चेक किया गया। इसके बाद परमिट, फिटनेश, बीमा, पीयूसी, रोड टैक्स, वाहन चालक का लायसेंस सहित अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। इसके बाद वाहनो का मैकनिकल फिटनेश जांच किया गया। चेकिंग के दौरान सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप वाहन में जीपीएस, सीसीटीवी कैमरा, स्पीड गर्वनर, प्रेर्शर हॉर्न, आपातकालीन खिड़की, स्कूल का नाम, टेलीफोन नंबर, चालक का मोबाइल नंबर, फर्स्ट ऐड बॉक्स, अग्नि शमन यंत्र, स्कूल बस के आगे पीछे स्कूल बस लिखा है की नहीं ये सारी चीजें चेक की गई।

### वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया

स्कूल वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण परिवहन विभाग के सहयोग से जिला चिकित्सालय के नेत्र विभाग के टीम ने किया। सभी ड्राइवर और कंडेक्टरो की जांच की गई, जिसमें से कुछ ड्राइवर को दृष्टि दोष पाया गया। जिन्हें चश्मा का नंबर देकर बनाने की सलाह दी गई। ड्राइवरों का बीपी-शुगर की भी जांच की गई।

# छिंदवाली महाकाली मंदिर में 7 दिवसीय रूद्र चंडी महायज्ञ

**✷ पांच कुंडों में रोज डाली जाएगी आहुतियां**




जगदलपुर 16 जून (दण्डकारण्य समाचार) श्री महाकाली मंदिर समिति मोतीतालाब पारा के तत्वावधान में 27 जून से 3 जुलाई तक सात दिवसीय पंच कुंडी रूद्र चंडी महायज्ञ आयोजित किया गया है। रथयात्रा के अवसर पर आयोजित रूद्र चंडी महायज्ञ को संपन्न कराने बाहर से 11 पंडितों को आमंत्रित किया गया है। बताया गया कि श्री महाकाली मंदिर प्रतिस्थापना के 27 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सात दिवसीय पांच कुंडी रूद्र चंडी महायज्ञ का आयोजन मंदिर परिसर में किया जा रहा है। यज्ञ वैदिक आचार्य पंडित हेमंत शर्मा एवं अन्य 11 पंडितों के द्वारा विधि विधान से संपन्न होगा। बताया गया कि 27 जून शुक्रवार को कलश यात्रा आयोजित है। यह कलश यात्रा महादेव घाट से दंतेश्वरी मंदिर होते हुए यज्ञ स्थल मोती तालाब पहुंचेगी। प्रातः 11. 36 बजे यज्ञ प्रारंभ होगा तथा दोपहर 3 बजे मंडल पूजन प्रारंभ किया जाएगा। इधर 28 जून से लगातार 2 जुलाई तक मंडल पूजन एवं सामूहिक रुद्राभिषेक प्रातः 11. 36 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चंडी पाठ तथा शाम 5 बजे से 6 बजे तक नियमित हवन संपन्न होंगे। बताया गया कि 3 जुलाई को मंडल पूजा एवं सामूहिक रुद्राभिषेक 11. 36 से दोपहर 2 तक चलेगा। 3 बजे सर्वजन हवन एवं पूर्णाहुति की जाएगी। संध्या 6 बजे से महाप्रसाद भंडारा आयोजित है। मंदिर समिति ने नगर के समस्त श्रद्धालु जनों को 7 दिवसीय रूद्र चंडी महायुद्ध में शामिल होने की अपील की है। रविवार को मां छिंदवाली महाकाली मंदिर में संपन्न बैठक में बताया गया कि रूद्र चंडी महायज्ञ की पूरी तैयारी कर ली गई है। नगर में इस वर्ष रथ यात्रा पर दो बड़े आयोजन संपन्न हो रहे हैं। एक तरफभगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा तो दूसरी तरफ मां छिंदवाली महाकाली मंदिर में रूद्र चंडी महायज्ञ अपने आप में महत्वपूर्ण अनुष्ठान है ।

# पशु चिकित्सालय में सर्जरी हेतु योग्य सर्जन की मांग




**✷ ज्वाइंट डायरेक्टर की अनियमितताओं पर पशु प्रेमियों ने जताई नाराजगी**

जगदलपुर, 16 जून (दण्डकारण्य समाचार)। नगर क्षेत्र के पशु प्रेमियों और जागरूक नागरिकों ने स्थानीय पशु चिकित्सालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं और सर्जरी कार्य हेतु सर्जन की अनुपलब्धता को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की है। नागरिकों का कहना है कि पशु चिकित्सा सेवाओं में लगातार हो रही अनियमितताओं और समय पर उचित उपचार न मिलने के कारण कई मूक पशुओं की असमय मृत्यु हो रही है।

इस संबंध में स्थानीय नागरिकों द्वारा कई बार जिला पशु चिकित्सालय एवं ज्वाइंट डायरेक्टर को शिकायत दी गई, परंतु हर बार मामले को अनदेखा कर दिया गया। यह स्थिति न केवल विभागीय लापरवाही को दर्शाती है बल्कि पशु अधिकारों के प्रति असंवेदनशीलता का परिचायक भी है।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए पशु प्रेमियों ने जगदलपुर विधायक किरण देव से मुलाकात की। श्री देव ने इस विषय को गम्भीरता से लेते हुए नागरिकों को शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे संबंधित विभाग से चर्चा कर नगर में योग्य पशु सर्जन की नियुक्ति एवं ज्वाइंट डायरेक्टर के विरुद्ध आवश्यक विभागीय कार्रवाई हेतु पहल करेंगी। पशु प्रेमियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि जल्द ही पशुओं की चिकित्सा सेवा में सुधार देखने को मिलेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पतंजलि समिति ऑनलाइन योग कांटेस्ट का आयोजन करेगा

**पतंजलि ने 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का कराया पूर्वाभ्यास**




जगदलपुर 16 जून (दण्डकारण्य समाचार) पतंजलि समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के योग प्रोटोकॉल के रूप में 15 जून से नियमित योगकक्षा में योग का विशेष अभ्यास सत्र रखा है। उक्त कार्यक्रम पतंजलि योग समिति छग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज पाणिग्राही ज़िला अध्यक्ष इला हरि प्रसाद राव के निर्देशन में संचालित हो रहा है। 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारी प्रारंभ और इसके पूर्व तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल शिविर लगा कर पूवाभ्यास कराया जा रहा है। योगसत्र के सम्बन्ध में डॉ मनोज पानीग्राही ने बताया कि योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ थीम पर पूरी विश्व में 11 वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। आज हज़ारों लोग योग कर अनेक साध्य और असाध्य बीमारियों पर लाभ प्राप्त किया है। वहीं संपूर्ण छत्तीसगढ़ के सभी ज़िले तहसील गाँव मुहल्ले में पूज्य योगऋषि स्वामी रामदेव जी द्वारा निर्देशित योग अभ्यास पतंजलि के नियमित योग कक्षा के द्वारा लाखों योग साधक नियमित योग कर, अपने रोगों पर विजय पाया है। पतंजलि दुर्गा मंदिर शांति नगर में दिनांक 15 जून से प्रातः 6 से 8 बजे तक प्रोटोकॉल शिविर का आयोजन कर रही है। जिसमे कोई भी योगप्रेमी भाग ले सकता है। पतंजलि योग समिति द्वारा आम जनता से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास फोटो प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमें सभी लोग निःशुल्क ऑनलाइन फोटो भेजकर भाग ले सकता है। योग सत्र संचालन में उमेश सोनी कुसुम पांडेय फूल सिंग साहू मुन्नी सिंग बबीता पांडेय नीरज कुमार राकेश समरथ सहित पतंजलि योग परिवार के योग प्रशिक्षकों द्वारा विशेष सहयोग कर रहे है।

# मावली माता मंदिर में तुलसी चौरा स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा

जगदलपुर, 16 जून (दण्डकारण्य समाचार)। बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में शनिवार को सिरहासार चौक स्थित प्राचीन मवाली माता मंदिर में तुलसी माता चौरा स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुकमा जमींदार परिवार से कुमार जयदेव और उनके छोटे भाई जगदलपुर विधायक किरण देव शामिल हुए। और विधि विधान से पूजा अर्चना की। काफी समय से विभिन्न समाज प्रमुखों और मंदिर समिति के द्वारा मावली माता मंदिर प्रांगण में तुलसी माता चौरा की स्थापना की मांग की जा रही थी। जिस पर स्थानीय विधायक किरण देव ने लोगों की मांग के अनुरूप तुलसी चौरा निर्माण की स्वीकृति दी इसके बाद आज शनिवार को विधि विधान से मावली माता मंदिर प्रांगण में तुलसी चौरा की स्थापना की गई।

# बस्तर संभाग शतरंज चैंपियनशिप 6 जुलाई को, दिखाएंगे हुनर

**✷ प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में होगी प्रतियोगिता**



जगदलपुर, 16 जून (दण्डकारण्य समाचार)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में जिला शतरंज संघ बस्तर द्वारा 06 जुलाई को एक दिवसीय शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट विभिन्न आयु वर्ग में खेला जाएगा। अंडर 9, अंडर 12, अंडर 15 अंडर 19 और ओपन प्रतियोगिता होगा । ओपन वर्ग में भी महिला एवं पुरुष की केटेगरी अलग रखी गई है। अन्य सभी वर्गों में बालक -बालिका वर्ग रखे गये हैं। टूर्नामेंट में विजेताओं को लगभग पचास हजार की नकद पुरस्कार राशि एवं ट्राफियां प्रदान की जाएंगी।इस टूर्नामेंट में बस्तर संभाग के सभी जिलों से आने वाले खिलाड़ी जिसमें बीजापुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, सुकमा, अपना हुनर दिखाएंगे। टूर्नामेंट प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम जगदलपुर में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में राकी देवांगन फीडे आर्बिटर, चीफ आर्बिटर के रूप में प्रदेश शतरंज संघ छत्तीसगढ़ से विशेष रूप से पधारेंगे। टूर्नामेंट में बस्तर जिले के बाहर से आने वाले खिलाड़ियों को आने जाने का व्यय बस टिकट दिखाने पर दिया जाएगा और दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी की जाएगी। प्रतियोगिता में लगभग 500 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 6 राउंड के मैच खेले जाएंगे।

जिला शतरंज संघ बस्तर द्वारा संभाग के सभी स्कूलों से एवं अन्य संस्थाओं से भी अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर बस्तर में शतरंज को बढ़ावा दिया देने की अपील की है।

प्रतियोगिता में भाग लेने इन्हे करें संपर्क

इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शशांक श्रीधर 9770426559, हितेश तिवारी 9425599816, पूर्णिमा सरोज 9644490610,जयश्री शेंडे 9425258732, तरुण सारथी 9425597525, राजेश जेना 9399971984, अभिनव जेना 7415544550, संगीता तिवारी 7587372491, बी एस ध्रुव 9425524339, विनय सिंधे 9826888993, रीता माने 8319482302, मिनेश पाणिग्रही 940615231 और कोटेश्वर नायडू 9407927401से सम्पर्क कर सकते है।